an>

title: Regarding low status of elementary education in Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : माननीय अध्यक्ष जी, मनुष्य के जीवन में प्रारम्भिक शिक्षा का बड़ा महत्व है।...(व्यवधान) लोक सभा के इसी सत्र में दिनांक 21 नवम्बर, 2016 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने प्रश्न के उत्तर में जो जानकारियां दी हैं, ...(व्यवधान) उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में 1,76,000 शिक्षकों की कमी है जिसमें 1,22,612 की नियुक्ति प्रदेश सरकार ने की है तथा क्रमश: बिजली, पीने के पानी, लाईब्रेरी, प्रयोगशाला व अन्य संसाधन में 38 प्रतिशत, 57 प्रतिशत, 41 प्रतिशत, 62 प्रतिशत व 20 प्रतिशत की कमी है। उसके साथ ही कक्षा 8 तक परीक्षा प्रणाली में सभी को उत्तीर्ण करके अगली कक्षा में प्रोन्नत करने की नीति के कारण शिक्षा का स्तर उ.प्र. में बहुत खराब हो गया है...(व्यवधान) जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में कक्षा 10 वीं फेल (कक्षा 8 पास) नौजवानों की बड़ी संख्या हो गयी है जिनकी जानकारी व शैक्षिक स्तर कक्षा 1-2 के विद्यार्थी के बराबर भी नहीं है।

चूंकि उत्तर प्रदेश इस देश का एक बड़ा प्रदेश है तथा यहां के लोगों की शैक्षिक स्थिति का भी बड़ा प्रभाव देश के विकास पर पड़ता है।...(व्यवधान) प्राथमिक शिक्षा की उचित व्यवस्था न होने के कारण उत्तर प्रदेश में ऐसे न जानकार लोगों की संख्या करोड़ों में है और यह संख्या लगातार प्रति वर्ष बढ़ रही है, जो आने वाले समय में देश के विकास में एक बड़ी बाधा बनेगी।...(व्यवधान)

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि भारत सरकार उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति व शैक्षिक स्तर को ठीक करने के लिए तत्काल विशेष योजना बनाये।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Dr. Thokchom Meinya, Shri Kodikunnil Suresh, Shri P.K. Biju ...(*Interruptions*) Shri Ashwini Kumar Choubey.